तापमान
अधिकतम 40.2 डिग्री
न्यूनतम 29.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, गुरुवार 13 जून 2024

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]

14 रेल कर्मचारियों की मेडिकल सुविधा बढ़ाने समेत कई ...

14 राष्ट्रीय पंजा कुश्ती प्रतियोगिता में फॉर्च्यून ...


REGISTRATION OPEN
PHARMACY
D.PHARMA-B.PHARMA
M.PHARMA
NURSING
B.SC./POST BASIC/
M.SC.NURSING, GNM
SHRI RAWATPURA SARKAR GROUP OF INSTITUTIONS
7222910430/41

# बिजली की खपत हुई दोगुनी, शहर व गांवों में चरमराई व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बरसात के पूर्वानुमान के बावजूद बारिश नही होने और पड़ रही भीषण गर्मी ने लोगों को कूलर, पंखे और एसी से चिपके रहने पर मजबूर कर दिया है। इसके कारण टीवी, फ्रीज और अन्य घरेलू उपकरणों में भी बिजली की खपत बढ़ गई है। आंकड़ों की मानें तो महासमुंद संभाग में ही 11-12 मेगावॉट प्रति माह तक बिजली की खपत है, जबकि सामान्य दिनों में यह खपत 8-9 मेगावॉट होती है।

बिजली विभाग के अनुसार केवल शहर में ही 17 हजार 408 विद्युत कनेक्शन हैं। जिसमें 14 हजार 200 घरेलू कनेक्शन, 2 हजार 620 व्यवसायिक और शेष अन्य कनेक्शन हैं। सामान्य दिनों में जहां बिजली की खपत प्रतिमाह 8 से 9 मेगावॉट (20-25 लाख यूनिट) वहीं इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी और उमस से छुटकारा पाने घरों , दफ्तरों, दुकानों और अन्य व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में दिन-रात कूलर, पंखे और एसी का उपयोग हो रहा है जिससे बिजली की खपत लगभग दोगुनी हो गई है। यह खपत अब 11-12 मेगावॉट (40-50 लाख यूनिट) पर पहुंच गई है। जिससे आएदिन ट्रांसफॉर्मरों में भी तकनीकी समस्या आ रहा है और बिजली बंद जैसी समस्या उत्पन्न हो रही है।

## भीषण गर्मी और उमस से छुटकारा पाने लोग ले रहे एसी, कूलर, पंखा का सहारा

### आज शहर में नहीं मिलेगा पानी

विद्युत विभाग द्वारा बरसात से पूर्व 33 केवी फीडरो में किए जा रहे आवश्यक रख-रखाव के चलते आज गुरुवार को बेलसोंडा फीडर में भी रख-रखाव होगा और सुबह 9 से शाम 4 बजे तक फीडर क्षेत्रांतर्गत विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। नपाध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग एवं सीएमओ लवकेश ने खेद व्यक्त करते हुए बताया कि इसके कारण आज 13 जून को शहरवासियों को दोपहर 2 बजे और शाम साढ़े 6 बजे की जाने वाली पेयजल आपूर्ति प्रभावित रहेगी।



### मेटनेंस के कारण बढ़ी परेशानी

इन दिनों शहर के कुछ क्षेत्रों में विद्युत विभाग का बरसात पूर्व मेटनेंस का कार्य लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। बता दें कि हर साल की तरह इस साल भी बरसात में विद्युत आपूर्ति बाधित न हो इसके लिए शहर में विद्युत विभाग द्वारा मेंटनेंस 31 मई से शुरू हुआ और यह कार्य आगामी 19 जून तक जारी रहेगा। जिसके लिए विद्युत विभाग ने सूचना जारी की है। उक्त तिथि में शहर के अलग-अलग हिस्सों में अलग- अलग दिन सुबह 9 से दोपहर 3 बजे तक कुल 6 घंटे विद्युत आपूर्ति बाधित हो रही है।

## खबर संक्षेप

### तेंदूकोना में नवनिर्वाचित सांसद का आगमन आज



**तेंदूकोना।** जीत के पश्चात खल्लारी विधानसभा के बागबाहरा ग्रामीण मंडल के मुख्यालय तेंदूकोना में 13 जून को दोपहर 3 बजे लोकसभा के सांसद रुपकुमारी चौधरी का प्रथम आगमन होगा। जानकारी देते हुए भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष पिलेश्वर पटेल ने पार्टी के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को उपस्थित होने की अपील की है।

### बसना में मारपीट के दो मामलों में रिपोर्ट दर्ज

**महासमुंद।** बसना पुलिस ने मारपीट के दो मामलों में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की। ग्राम बेलटिकरी में प्रार्थी कपूरचंद बरिहा पिता ननकी बरिहा (45 साल) के साथ गांव के ही रवि बरिहा ने गालीगलौज करते हुए मारपीट की। एक अन्य मामले में ग्राम अरेकेल में गिरधर यादव पिता मैसर यादव (62 साल) के साथ बंटी यादव पिता श्रीधर यादव (30 साल) ने हाथ मुक्का से मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। दोनों ही मामलो में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 506 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### गड्ढा खोदने की बात पर विवाद

**महासमुंद।** ग्राम कोल्दा में गड्ढा खोदने की बात को लेकर एक व्यक्ति से मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। खल्लारी पुलिस ने बताया कि गौटियापारा ग्राम कोल्दा के धनेश राम साहू पिता दौलतराम साहू के साथ आरोपी चुनेश साहू पिता भेटराम साहू ने घर का पानी निकालने हेतु गड्ढा खोदने की बात पर गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्का से मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 323, 506 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### महुआ शराब जब्त, दो लोगों पर कार्रवाई

**महासमुंद।** पिथौरा और बसना पुलिस ने शराब की अवैध बिक्री के मामले में दो लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। पिथौरा पुलिस ने ग्राम मेमरा में रामेश्वर बरिहा पिता रतिराम बरिहा (40) निवासी अंसुला के कब्जे से 4000 एमएल महुआ शराब कीमत 800 रुपए जब्त किया है। वहीं बसना पुलिस ने देवलगढ़ से आरोपी अगस्टिन पिता श्याम लाल (27) के पाससे 4000 एमएल महुआ शराब कीमत 800 रुपए जब्त किया है। मामले में दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 34 (1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

## आक्रोश : विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने इसे बताया कायराना हरकत

# हिंदू तीर्थयात्रियों की मौत को हत्या बताकर फूंका आतंकवाद का पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- विहिप और बजरंग दल ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

जम्मू कश्मीर में वैष्णो देवी कटरा में शिव खोड़ी जाते समय 09 जून को हिन्दू श्रद्धालुओं की बस पर क्रूर पाकिस्तान पोषित इस्लामिक जेहादी आतंकवादियों द्वारा हमला किया गया। जिसमें 10 हिन्दू तीर्थयात्री मारे गए। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने इसे कायराना हरकत बताते हुए मारे गए तीर्थयात्रियों की मौत को हत्या करार दिया है। बुधवार को विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के द्वारा जिला मुख्यालय स्थित नेहरू चौक में राष्ट्रपति के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा और जिहादी आतंकवाद का पुतला दहन किया गया।




### राष्ट्रपति से किया अनुरोध, कहा- कठोर कदम उठाने केंद्र को करें आदेशित

हिंदुवादी संगठन ने घटना की निंदा करते हुए राष्ट्रपति से अनुरोध व्यक्त किया है कि ऐसी गतिविधियों पर पूर्ण नियंत्रण पाने के लिए निर्णायक और कठोर कदम उठाने का केन्द्र सरकार को निर्देशित करें। साथ ही इन तत्वों को संरक्षण देने वाले आंतरिक व विदेशी तत्वों की पहचान कर कठोर कार्रवाई के लिए केन्द्र सरकार से को आदेशित करें।

### यह रहे धरना प्रदर्शन में मौजूद

विरोध प्रदर्शन के दौरान प्रांत सह मंदिर अर्चक पुरोहित, उत्तम वर्मा, विभाग मंत्री अखिलेश लूनिया, विभाग सह संयोजक ईवन साहू, जिला उपाध्यक्ष विजय महतो, जिला मंत्री धनेंद्र चंद्राकर, जिला संयोजक गितेश पंडा, चंचल उनरेडकर, संजय यादव, छबि सिन्हा, सुरेंद्र महाराज, समकित मालू, रामेश्वर गोलू साहू, गुड्डा सिन्हा, सुमन सेंद्रे, शुभम, राहिल, खोमन अन्य बजरंग दल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सौंपे गए ज्ञापन में विहिप और बजरंग दल ने इसे सम्पूर्ण देशवासियों को स्तब्ध करने वाली घटना बताया और इस क्रूरतम दुष्कृत्य से पूरा देश के आहत होने और तीव्र आक्रोश होने की बात कही। ज्ञापन में कहा गया है कि जम्मू कश्मीर लम्बे समय से पाकिस्तान पोषित आतंकवाद का दंश झेल रहा है, धारा 370 हटने के बाद एक आशा की ज्योति जगी है। हिन्दुओं को चिन्हित कर उनकी हत्या की घटनाएं बढ़ी है इन सब के पीछे स्पष्ट रूप से पाकिस्तान का हाथ है। देश के नई सरकार के शपथ के समय इस प्रकार दुस्साहसिक कृत्य करके इस्लामी आतंकवादियों ने देश के संप्रभुता को चुनौती दी है।

# मेडिकल स्टोर्स में चोरी घटना सीसीटीवी में कैद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नेशनल हाईवे 353 ग्राम खरोरा स्थित एक मेडिकल स्टोर्स का ताला काटकर अज्ञात आरोपी ने गल्ले में रखे 28 हजार रुपए की चोरी कर ली। पुलिस ने मेडिकल संचालक की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। प्रार्थी ने रिपोर्ट में बताया कि घटना की रिकार्डिंग सीसीटीवी में भी है।

पुलिस को वार्ड नं 10 इमलीभाठा निवासी यश रजक पिता मिश्रीलाल रजक ने बताया कि मैं एनएच 353 ग्राम खरोरा के साई मंदिर के पास स्थित पूजा मेडिकल स्टोर्स का संचालक हूं । 10 जून की रात्रि करीब 9.30 बजे बंद करके अपने घर इमलीभाठा आ गया। 11 जून की सुबह 05.30 बजे दीपक चंद्राकर ने मुझे फोन करके बताया कि मेडिकल स्टोर्स का ताला टूटा हुआ है, इसके बाद मैने जाकर देखा तो मेडिकल स्टोर्स के शटर में लगे दोनों तालों को काट कर दुकान के गल्ले में रखे लगभग 28000 रुपए नगद की अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर ली।

प्रार्थी ने बताया कि दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज में घटना की रिकार्डिंग है। पुलिस ने मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 380, 457 के तहत अपराध दर्ज किया है।

# श्रमिकों को निःशुल्क विधिक सहायता व सलाह के बारे में दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- बाल श्रम निषेध दिवस पर विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन




छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार एवं प्लान आफ एक्शन के तहत विशेष दिवस पर किए जाने वाले शिविर एवं कार्यक्रम के तहत 12 जून को बाल श्रम निषेध दिवस पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के तत्वावधान में विधिक जागरुकता पर आधारित शिविरों का आयोजन किया गया।

इसी परिपेक्ष्य में बाल श्रम निषेध दिवस पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के सचिव दामोदर प्रसाद चंद्रा द्वारा पोपट मिक्चर कंपनी, न्यूडटरी कल्ब बिरकोनी, मनोरमा इंडस्ट्रीज बिरकोनी में बाल श्रम कानून, नालसा द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। सचिव चंद्रा ने कहा कि प्रत्येक वर्ष 12 जून को विश्व बाल श्रम विरोधी दिवस मनाया जाता है। इस दिवस का उद्देश्य बाल श्रम की भयावहता के प्रति जागरुकता बढ़ाना और इसके उन्मूलन के लिए सामूहिक प्रयासों को प्रोत्साहित करना है।

लाखों बच्चों को आज भी शिक्षा और सुरक्षित बचपन के अधिकार से वंचित रखा जाता है। वे खतरनाक उद्योगों में काम करने को मजबूर हैं, जिससे उनका शारीरिक और मानसिक विकास बाधित होता है। बाल श्रम अक्सर गरीबी और सामाजिक असमानता से उत्पन्न होता है। बाल श्रम की समस्या का समाधान तभी संभव है, जब गरीबी कम करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। साथ ही शिक्षा को सभी के लिए सुलभ बनाना और बाल श्रम के खिलाफ सख्त कानून लागू करना आवश्यक है। इस दिवस पर हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम बाल श्रम के खिलाफ आवाज उठाएंगे और हर बच्चे को उचित शिक्षा और सुरक्षित वातावरण प्रदान करने का प्रयास करेंगे। तभी हम एक ऐसा समाज बना पाएंगे, जहां हर बच्चा अपने सपनों को पूरा करने का अवसर पा सके। इसके अलावा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यो एवं उनके द्वारा दी जाने वाली विधिक सहायता अथवा सलाह के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

## धारदार हथियार लहराकर डराने वाले युवक पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कोमाखान के शराब दुकान के पास धारदार हथियर चापड़ लहराकर लोगों को डराने वाले युवक पर पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि कोमाखान शासकीय शराब दुकान के पास एक व्यक्ति अपने हाथ में एक धारदार हथियार लोहे का चापड़ (कत्ता) लेकर हवा में लहराते हुए आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा है।

सूचना के बाद उक्त स्थल पर पहुंचकर हथियार लहराने वाले युवक को पकड़ा। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम हेमंत सतनामी उर्फ लल्लू सतनामी पिता सुफल सतनामी (35 साल) निवासी वार्ड नंबर 14 खोफेतरा खरियार रोड थाना जोंक खरियार रोड जिला नुआपाड़ा (ओडिशा) का निवासी होना बताया। आरोपी के कब्जे से धारदार हथियार लोहे का चापड़ (कत्ता) को जब्त किया गया। वहीं युवक के खिलाफ धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

## लोगों को ललचा रही लीची...



**महासमुंद।** शहर में इन दिनों रसीले लीची के फल जगह-जगह ठेलों में बिकते देखे जा रहे हैं। गर्मी का मौसमी फल होने के कारण इनके दाम आसमान छू रहे हैं। लेकिन मौसमी फल का स्वाद लेने लोग 200-250 रुपए किलो में भी इसका स्वाद ले रहे हैं।

### बाइक ने मारी टक्कर

**महासमुंद।** तहसील ऑफिस के पास एक कार को बाइक ने टक्कर मार दिया। प्रार्थी मनजीत सिंह कौशल (71) ने पुलिस को बताया कि बाइक सीजी 06 एचए 0752 के चालक ने अपने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उसकी कार को टक्कर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 279, 337 के अंतर्गत जुर्म दर्ज किया है।

### युवक के साथ तीन लोगों ने की मारपीट

**महासमुंद।** जेब से पैसा निकालने से मना करने वाले युवक पर तीन लोगों ने मारपीट की। आरोपियों ने युवक को रॉड और पेचकस से वार करते हुए घायल कर दिया। रिपोर्ट पर सिटी कोतवाली पुलिस ने मामले में जुर्म दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस को प्रार्थी रूपेश पटेल पिता व्यास नारायण पटेल निवासी वार्ड नं 12 ग्राम खैरा ने बताया कि 11 जून को लगभग 10.30 बजे मैं अपने दादी के घर गुडरूपारा महासमुंद गया था। चाची दुकान के सामने मैं अपने साथी प्रतीक साहू, तोमेन्द चंद्राकर के बैठकर आपस में बातचीत कर रहा था। वहीं कुछ दूरी पर लाला निषाद, अमित निषाद और पप्पू निषाद बैठकर शराब पी रहे थे, तभी आरोपी अमित निषाद मेरे जेब में हाथ डालकर पैसा निकालने लगा। जब मैने उसे मना किया तो उसने गालियां देनी शुरू कर दी। इसी बीच उसके साथी व आरोपी लाला निषाद और पप्पू निषाद वहां आकर मुझसे हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे। मारपीट करने के दौरान अमित ने अपने हाथ में रखे रॉड से मेरे सिर में मारा, जिससे मेरा सिर से खून निकलने लगा और लाल निषाद ने हाथ में रखे पेचकस से मेरे दोनों पैर के जांघ पर वार किया, जिससे मुझे चोट लगी है।इन तीनों के द्वारा मुझे जान से मारने की धमकी भी दे रहे थे। मेरे दोस्त प्रतीक साहू, तोमेंद्र चंद्राकर किसी तरह बीच बचाव किये। पुलिस ने मामले में तीन आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 34, 506 के तहत अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## भाजपाइयों ने तहसीलदार से मिलकर समस्याओं के निराकरण के लिए चर्चा भी की

# एसडीएम दफ्तर में भाजपाइयों ने सुनी लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ विमल चोपड़ा के साथ भाजपा नेताओं ने बुधवार सुबह 11 बजे से 12 बजे तक एसडीएम कार्यालय परिसर में लोगों से भेंट मुलाकात किया। जिसमें ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनी गई। कई लोगों ने अपनी अपनी समस्याएं डॉ चोपड़ा के समक्ष प्रस्तुत की। जिसमें संतराम चक्रधारी (बरोंडाबाजार), नकुल राम मेहरा (खट्टी), रामचरण (मोंगरा), जोहिदा साहू (पिटियाझर), राजेश ध्रुव (सेनकपाट), परस राम सिन्हा (पोटिया), कस्तूर राठी (बेमचा) की समस्याएं सुनने के पश्चात डॉ. चोपड़ा ने तहसीलदार से मिलकर चर्चा की और लोगों की समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण करने को कहा। डॉ. चोपड़ा ने कहा कि 7 दिन के बाद अगले बुधवार को समस्याओं की समीक्षा की जाएगी। हर बुधवार को डॉ. चोपड़ा और भाजपाइयों द्वारा जो राजस्व विभाग या अन्य विभाग की समस्याओं से पीड़ित लोग है उनसे भेंट कर उनकी समस्याओं का सुलह किया जाएगा। भेंट के दौरान पार्षद देवीचंद राठी, पार्षद प्रतिनिधि महेंद्र सिका, पार्षद हफीज कुरैशी, पवन साहू,मोहन साहू, जितेंद्र साहू, सुरेंद्र महाराज, डोमार तांडी, सुरेंद्र यादव आदि उपस्थित रहे।

पाठक सूचना
महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9981131365, 9098324969

## खबर संक्षेप



### वेणुगोपाल से सुबोध की भेंट

**रायपुर।** सुबोध हरितवाल, छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस महामंत्री की मंगलवार को एआईसीसी संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल से नई दिल्ली स्थित निवास में मुलाकात हुई। राज्य की संगठनानात्मक चर्चा के साथ केरल के अलापुझा लोकसभा से सांसद चुने जाने पर उन्हें शुभकामनाएं दी।

### अनियमित कर्मचारी महासंघ ने केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन को दी शुभकामनाएं



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ से तोखन साहू को केंद्रीय राज्य मंत्री बनाने पर छग संयुक्त अनियमित कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारियों ने बधाई दी। इसी दौरान महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष रवि गढ़पाले ने बताया कि छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी के विधानसभा चुनाव के दरमियान मोदी की गारंटी में अनियमित कर्मचारी के लिए 100 दिन के भीतर कमेटी बनाने का विषय रखा गया था, जिसे 100 दिन के भीतर पूर्ण कर दिया गया। महासंघ के पदाधिकारी ने आगे निर्णय लिया कि लोकसभा चुनाव में भी भारतीय जनता पार्टी का समर्थन किया जाना चाहिए। इस के लिए महासंघ की ओर से लिखित में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के नाम से समर्थन पत्र भी जारी किया गया।

### म्यूकरमाइकोसिस के उपचार में मददगार साबित होगा एम्स का रिसर्च



**रायपुर।** दुनियाभर में म्यूकरमाइकोसिस के उपचार और अनुसंधान में एम्स में किया गया रिसर्च मददगार साबित होगा। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान को म्यूकरमाइकोसिस (ब्लैक फंगस) के उपचार प्रबंधन पर 'अरोड़ा-नागरकर वर्गीकरण' का कॉपीराइट प्रदान किया गया है। यह वर्गीकरण ब्लैक फंगस के बेहतर उपचार और इसके परिणामों में दुनियाभर के ईएनटी विशेषज्ञों के लिए गाइड का कार्य करेगा। इससे रोगियों को ब्लैक फंगस के प्रथम चरण में ही और अधिक बेहतर चिकित्सा प्रबंधन प्राप्त होने की उम्मीद है। यह वर्गीकरण ईएनटी विभाग के प्रो. रिपुदमन अरोड़ा, पूर्व निदेशक प्रो. नितिन एम. नागरकर, डॉ. आकाश अग्रवाल, प्रो. रेनू राजगुरु, डॉ. नील प्रभा सहित अन्य चिकित्सकों के शोध पर आधारित है। प्रो. अरोड़ा ने बताया कि इसकी मदद से ईएनटी चिकित्सक ब्लैक फंगस के प्रकार, उपचार और संभावित परिणामों के बारे में पूर्वानुमान लगा सकेंगे। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में रोगियों के डेटा से कई अनुसंधान के बाद यह कॉपीराइट प्राप्त किया गया है।

# स्टेशनों में 'वोकल फॉर लोकल' का विजन हुआ ठप कारीगरों का नहीं बिक रहा सामान, स्टॉलों में ताला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय रेलवे बोर्ड ने वोकल फॉर लोकल' विजन को बढ़ावा देने के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में वन स्टेशन वन प्रोडक्ट योजना के तहत 27 स्टेशनों में लगभग 31 स्टाल लगाए हैं, ताकि स्थानीय उत्पादों और कारीगरों को प्रोत्साहन मिल सके। स्टॉल में स्थानीय कपड़ों, हस्तशिल्प, मिट्टी से निर्मित वस्तुएं, हथकरघा, बांस के उत्पाद, वनोपज आदि को बढ़ावा देना था। रायपुर रेलवे स्टेशन में योजना से जुड़े स्टॉल में लंबे समय से ताला लगा हुआ है। रेलवे कारीगरों को स्टॉल देकर भूल चुका है, जबकि योजना के तहत नाममात्र शुल्क के साथ स्थानीय उत्पादों को हर एक महीने के लिए यह व्यवस्था उपलब्ध कराई जानी थी, इसके बाद दूसरे कलाकारों को मौका देना था, ताकि अधिक से अधिक कलाकारों और उत्पादों को मौका मिल सके, लेकिन स्टॉल में एक महीने के बाद भी दूसरे स्थानीय कारीगरों को मौका ही नहीं मिल पाया है। रेलवे के अधिकारियों का कहना है लोग कारीगरों का सामान नहीं खरीद रहे, इसलिए स्टॉल बंद हो चुके हैं। योजना पूरी तरह से ठप होती जा रही है।

**वन स्टेशन वन प्रोडक्ट योजना के तहत एक महीने के बाद दूसरे कारीगरों को उत्पाद बेचने देना था मौका**

### रुपए के अभाव में दब जाती है प्रतिभा

शिल्पकार और हथकरघा के उत्पाद काफी अच्छे होते हैं, लेकिन पैसे के अभाव में कई बार कारीगर अपने उत्पादों का विज्ञापन पर ज्यादा खर्च नहीं कर पाते। इस कारण उनके अच्छे उत्पाद स्थानीय लोगों की जानकारी में नहीं आते। ऐसे में रेलवे स्थानीय उत्पादों को पहचान दिलाने के लिए योजना शुरू की थी, लेकिन इस योजना का लाभ स्थानीय कलाकारों को मिल नहीं रहा है। रेलवे को हर महीने दूसरे कारीगरों को उत्पाद के लिए मौका देना है, लेकिन स्टॉल लंबे समय से अधिक बंद होने के कारण कारीगरों का प्रोत्साहन भी रुक गया है।




### व्यवस्था में सुधार करेंगे

स्टेशन में वन स्टेशन वन प्रोडक्ट योजना के तहत स्टॉल में कारीगरों के सामान की बिक्री नहीं होने से बंद है। जल्द कारीगरों के साथ बैठक कर समझने का प्रयास करेंगे कि दिक्कत कहां आ रही है। व्यवस्था में सुधार करने का प्रयास करेंगे।

*- अवधेश कुमार त्रिवेदी, सीनियर डीसीएम*

### सामान की बिक्री नहीं होने से स्टॉल बंद

रायपुर रेलवे स्टेशन में वन स्टेशन वन प्रोडक्ट का स्टॉल बस्तर हस्तशिल्प को दिया गया था, लेकिन यह स्टॉल महीनेभर से बंद बताया जा रहा है। रेलवे के अधिकारी के मुताबिक यह स्टॉल एक महीने के लिए दिया गया था, लेकिन समय पूरा होने के बाद भी योजना के तहत इस स्टॉल में दूसरे कारीगरों को मौका नहीं मिला। रेलवे के अधिकारी को भी पता नहीं है कि स्टॉल लंबे समय से किस वजह से बंद है। जानकारी के मुताबिक सामान की बिक्री नहीं होने से कारीगर ने स्टॉल खोलना बंद कर दिया है। ऐसी ही हाल सरोना स्टेशन और मंदिर हसौद स्टेशन का भी है। यहां भी स्टॉल लंबे समय से बंद बताया जा रहा है। रेलवे कारीगरों को स्टॉल देकर भूल चुका है। इन स्टॉलों को चालू करने नई व्यवस्था भी नहीं बना रहा है।

# विधायक निधि से बने सामुदायिक भवन पर स्थानीय लोगों का कब्जा, सालभर से जमे हुए

हरिभूमि सरोकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

किसी भी वार्ड की कालोनी या मोहल्ले में शासकीय खर्च पर सामुदायिक भवन का निर्माण इसलिए किया जाता है कि उस क्षेत्र के रहवासियों को शादी का रिसेप्शन, जन्मदिन या अन्य किसी भी तरह का कार्यक्रम आयोजित करने के लिए दूसरे वार्ड में जाने की जरूरत नहीं पड़े। सामुदायिक भवन का किराया भी बहुत न्यूनतम रखा जाता है, जिससे गरीब परिवार पर भवन किराया का ज्यादा भार नहीं पड़ता। शहर में ऐसे सामुदायिक भवन लगभग हर वार्ड में भी बने हैं, जिसका लोग उपयोग भी करते हैं, लेकिन जोगी नगर में बनाए गए सामुदायिक भवन पर पिछले एक साल से कुछ स्थानीय रहवासियों ने न केवल कब्जा कर रखा है, बल्कि उसे अपना घर बनाकर रहने भी लगे हैं। इसके कारण इस भवन में सालभर से कोई कार्यक्रम भी आयोजित नहीं हो पाया है। कार्यक्रम के लिए भवन को मांगने वालों को कब्जा करने वाले भवन में मरम्मत कार्य का बहाना बनाकर लौटा देते हैं।

### विधायक निधी की राशि से बना है सामुदायिक भवन

कांग्रेस शासन के कार्यकाल में पूर्व विधायक कुलदीज जुनेजा ने विधायक निधि से सिविल लाइन वार्ड स्थित जोगी नगर में स्थानीय लोगों की मांग पर सामुदायिक भवन का निर्माण कराया था। लगभग 6 लाख रुपये की लागत से बने इस भवन का निर्माण होने के बाद इस भवन में कई कार्यक्रम भी आयोजित हो चुके हैं, लेकिन पिछले एक साल से इस भवन पर स्थानीय कुछ लोगों ने कब्जा कर रखा है। इस भवन में कब्जा करने के साथ लोग रहने भी लगे हैं। इसके अलावा भवन के हाल में भवन निर्माण की सामग्री भी रखी हुई है। हरिभूमि ने यहां रहने वाले कुछ लोगों से भी बातचीत की। इस दौरान नाम नहीं बताने की शर्त पर उन लोगों ने बताया सामुदायिक भवन में सालभर से कोई भी कार्यक्रम आयोजित नहीं हुआ है, क्योंकि भवन को मोहल्ले का एक परिवार अपना घर बनाकर रखा हुआ है।

### इसलिए कोई इवेंट भी नहीं



### सामुदायिक भवन पर नाम तक लिखा नहीं

जोगी नगर के गली में बने सामुदायिक भवन में किसी भी प्रकार का नाम नहीं है, जिससे यह पता चले कि यह सामुदायिक भवन है। हरिभूमि की टीम को भी सामुदायिक भवन तब मिला जब स्थानीय लोगों ने उस भवन की पहचान बताई। सामुदायिक भवन किस नाम से बना है, भवन की दीवार पर कोई नाम नहीं लिखे होने तथा यहां एक परिवार के रहने के कारण यह भवन सामुदायिक भवन की तरह नहीं, बल्कि किसी व्यक्ति का मकान की तरह दिखाई दे रहा है।

### विधायक ने कहा- मुझे जानकारी नहीं

इस भवन का निर्माण कराने वाले पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा ने कहा कि उन्होंने स्थानीय लोगों की मांग को देखते हुए यहां सामुदायिक भवन का निर्माण कराया था, लेकिन भवन पर किसी ने कब्जा कर रखा है। इसकी जानकारी उन्हें नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर कब्जा किया गया है, तो यह गलत है। इसकी नगर निगम में शिकायत करानी चाहिए। इस मामले में वार्ड की पार्षद नीलम जगत से भी मोबाइल पर संपर्क साधा गया, लेकिन उनसे बात नहीं हो पाई।

# स्कूल और छात्र आमने सामने, अब प्रबंधन पर डराने-धमकाने का आरोप



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केपीएस स्कूल प्रबंधन और छात्रों के मध्य मामला अब थाने तक पहुंच गया है। स्कूल प्रबंधन ने जहां छात्रों के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई थी, तो वहीं छात्रों ने एसपी से मुलाकात करके शाला प्रबंधन पर डराने-धमकाने का आरोप लगाया है। मंगलवार को यूथ कांग्रेस और एनएसयूआई कार्यकर्ताओं द्वारा गैर जमानतीय धाराओं में दर्ज हुई एफआईआर के मामले में निष्पक्ष जांच के लिए एसपी संतोष कुमार को ज्ञापन सौंपा गया। इसके पहली केपीएस स्कूल प्रबंधन द्वारा छात्रों के खिलाफ थाने में विभिन्न धाराओं को लेकर शिकायत दर्ज कराई गई थी। छात्रों द्वारा जिला शिक्षा कार्यालय में भी पूरे मामले को लेकर धरना-प्रदर्शन किया गया था।

- **बगैर मान्यता संचालित हो रहे केपीएस स्कूल में छात्रों ने किया था प्रदर्शन**

### फर्जी एफआईआर का आरोप

एनएसयूआई का कहना है कि गैर मान्यता स्कूल अभी भी स्कूल संचालन कर रहे हैं। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा भी इन पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। ऐसे स्कूल जो मान्यता नहीं है, उनके खिलाफ शिकायत करने पर भी एफआईआर नहीं की जा रही है। एनएसयूआई के पदाधिकारियों पर फर्जी एफआईआर कर डराने की कोशिश की जा रही है ताकि ऐसे गैर मान्यता स्कूल आसानी से अपना शिक्षा का व्यापार चला सकें। इस मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग यूथ कांग्रेस और एनएसयूआई ने की है। यूथ कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष आकाश शर्मा समेत, कांग्रेस प्रवक्ता विकास तिवारी, एनएसयूआई संगठन महामंत्री हेमंत पाल, प्रदेश सचिव कुणाल दुबे सहित अन्य इस दौरान मौजूद रहे।

**यह है मामला :** केपीएस पर बगैर मान्यता कई ब्रांच संचालित करने का आरोप छात्रनेताओं द्वारा लगाया गया था। इसे लेकर छात्रनेताओं द्वारा इस वर्ष की शुरुआत से ही मोर्चा खोला गया है। आरोप-प्रत्यारोप के बाद जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा जांच कमेटी भी बैठाई गई थी। छात्रों का कहना है कि निष्पक्ष जांच किए बगैर ही स्कूल प्रबंधन को नए सत्र में दाखिले की अनुमति दे दी गई है। छात्रों द्वारा इसके विरोध मे केपीएस स्कूल तथा जिला शिक्षा कार्यालय में प्रदर्शन किए गए।

# विजन डॉक्यूमेंट अमृतकालः छत्तीसगढ़ विजन के लिए मंत्रियों-विधायकों से वित्तमंत्री ने मांगे सुझाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ के वित एवं योजना मंत्री ओपी चौधरी ने विकसित भारत की तर्ज पर विकसित छत्तीसगढ़ की परिकल्पना को साकार करने 'अमृतकालः छत्तीसगढ़ विजन 2047 के लिए जनप्रतिनिधियों और आम लोगों से सुझाव मांगे हैं। इसी कड़ी में उन्होंने सभी मंत्रियों और विधायकों को पत्र लिखकर विजन डॉक्यूमेंट तैयार करने सुझाव देने का आग्रह किया है। सुझाव 30 जून तक मंगाए गए हैं। सुझाव लिखित में या फिर वेब पोर्टल मोर सपना-मोर विकसित छत्तीसगढ़ के जरिए दिए जा सकते हैं।

### एक नवंबर को जारी होगा विजन डॉक्यूमेंट

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने साल 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने की परिकल्पना की है। इस परिकल्पना को साकार करने छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र 2024 में घोषणा की गई थी कि राज्य स्थापना दिवस एक नवंबर 2024 को राज्य का विजन डॉक्यूमेंट 'अमृतकालः छत्तीसगढ़ विजन 2047'जारी कर प्रदेश की जनता जनार्दन को समर्पित किया जाएगा। राज्य शासन ने विजन डॉक्यूमेंट तैयार करने का जिम्मा राज्य नीति आयोग को सौंपा है। इस संबंध में आयोग द्वारा सभी विभागों, सेक्टर विशेषज्ञों से विचार-विमर्श किया जा रहा है।

### सुझाव देने के लिए वेब पोर्टल

योजना मंत्री चौधरी ने बताया कि जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों से भी विकसित छत्तीसगढ़ की उनकी परिकल्पना साझा करने के लिये आयोग ने एक वेब पोर्टल 'मोर सपना-मोर विकसित छत्तीसगढ़ तैयार किया गया है। इसके जरिए वे अपने सुझाव दे सकते हैं।

# सीएम युवा स्वरोजगार के लिए दो गुना आवेदन मंजूर, उद्योग मंत्री ने की विभागीय समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन की मौजूदगी में मंगलवार को हुई विभागीय समीक्षा बैठक में यह जानकारी सामने आई है कि युवाओं के बीच मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना में युवाओं की दिलचस्पी है। इस योजना के लिए 600 का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन सरकार ने करीब दो गुना आवेदनों को मंजूरी दी है। इस समीक्षा बैठक में मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि उद्योग स्थापना के नाम पर जमीन लेने के बाद भी उद्योग नहीं लगाने वाले उद्योगपतियों को नोटिस जारी कर जमीन आबंटन की प्रक्रिया निरस्त करने की कार्रवाई करें। मंगलवार को सर्किट हाऊस रायपुर में प्रदेश के सभी जिलों के उद्योग और व्यापार केन्द्र के प्रबंधकों, सीएसआईडीसी के अधिकारियों व उद्योग संचालनालय के उच्च अधिकारियों की बैठक लेकर उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने इस आशय के निर्देश दिए।

- **जमीन लेकर उद्योग नहीं लगाया, आवंटन होगा निरस्त**

बैठक में उद्योग विभाग के सचिव अंकित आनंद, संचालक उद्योग पी अरुण प्रसाद सहित जिलों से आए अधिकारी एवं उद्योग संचालनालय के अधिकारी उपस्थित थे। उद्योग मंत्री कहा कि चुनाव के आदर्श आरचण संहिता के दौरान जो कार्य लंबित थे, उसे प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा करें। इसके साथ ही औद्योगिक दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए वाष्पयंत्र निरीक्षकालय की समीक्षा के दौरान कहा कि अधिकारी समय-समय पर बायलर का निरीक्षण करते रहें।

### सीएम स्वरोजगार के लिए 1129 आवेदन मंजूर

विभाग के योजनाओ में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना के तहत 2023–24 में 1024 लक्ष्य की तुलना में अब तक 1252 प्रकरणों को स्वीकृत किया गया। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत 600 लक्ष्य की तुलना में 1129 आवेदन स्वीकृत किए गए। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल योजना के तहत अब तक एमएसएमई रायपुर द्वारा अब तक 10798 लोगों को ट्रेनिंग दी जा चुकी है। इस कार्य में मंत्री श्री देवांगन ने तेजी लाने के निर्देश दिए गए।भू आबंटन के 758 प्रकरणों को स्वीकृत किया गया, 30 पेंडिंग मामलों को भी जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए गए।

# दिल्ली से लौटे सासंद बृजमोहन भव्य स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पीएम मोदी के शपथ ग्रहण में शामिल होने के बाद सांसद बृजमोहन अग्रवाल नई दिल्ली से रायपुर लौट आए। उन्होंने कहा, जिस दिन पार्टी का निर्देश होगा उस दिन विधायक पद से इस्तीफा दे दूंगा। दिल्ली से लौटने पर एयरपोर्ट पर कार्यकर्ताओं ने उनका फूल मालाओं और ढोल नगाड़े के साथ भव्य स्वागत किया। महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने भी उनकी आरती उतारी। बृजमोहन अग्रवाल ने सभी कार्यकर्ताओं को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, मैं रायपुर की जनता और कार्यकर्ताओं को धन्यवाद और बधाई देता हूं।

संवाददाताओं से चर्चा में उन्होंने मंत्री नहीं बनाए जाने के सवाल पर कहा, मैं शुरू से कहता रहा हूं कि पद और प्रतिष्ठा आने जाने वाली चीज है, परंतु जो कार्यकर्ता और जनता का प्यार और आशीर्वाद है, वह परमानेंट है। जिस दिन पार्टी का निर्देश होगा उस दिन विधायक पद से इस्तीफा दे दूंगा।

# भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के पहले प्रदेश में मंडल स्तर से प्रारंभ होगी चुनावी प्रक्रिया

**अभी प्रदेश संगठन में किसी तरह से बड़े फेरबदल के आसार नहीं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोकसभा का चुनाव निपटने के बाद भाजपा के राष्ट्रीय संगठन से लेकर राज्यों के संगठनों में चुनाव होंगे। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल 30 जून को समाप्त हो रहा है। वैसे भी उनको मोदी कैबिनेट में लिया गया है। उनके स्थान पर फिलहाल तो किसी को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया जाएगा। इसके बाद स्थाई अध्यक्ष के चुनाव से पहले सभी राज्यों में प्रदेश संगठन के चुनाव होंगे। छत्तीसगढ़ में भी मंडल स्तर से चुनाव की प्रक्रिया पूरी करके प्रदेश संगठन के चुनाव कराए जाएंगे। ऐसे में फिलहाल प्रदेश संगठन में कसी तरह का अभी बदलाव होने की संभावना नहीं है।

बीते साल छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष अरुण साव के डिप्टी सीएम बनने के बाद उनके स्थान पर प्रदेशाध्यक्ष का जिम्मा विधायक किरण देव को दिया गया।



इसी के साथ प्रदेश संगठन के तीनों महामंत्री केदार कश्यप, ओपी चौधरी, विजय शर्मा के चुनाव जीतने के कारण उनके स्थान पर नए महामंत्री बनाए गए। किरण देव की कार्यकारिणी में ज्यादा बदलाव नहीं किया गया है। लोकसभा चुनाव के बाद आगे कार्यकारिणी में बदलाव की बात की गई थी। लेकिन फिलहाल किसी तरह के बड़े बदलाव के आसार नहीं हैं, क्योंकि अब भाजपा के नए राष्ट्रीय का चुनाव होना है। इस चुनाव के तय होने के साथ ही सभी राज्यों में भी चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ होगी।

### मंडल स्तर से होंगे चुनाव

राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव से पहले प्रदेश संगठन में मंडल स्तर से चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ होगी। मंडल अध्यक्षों के चुनाव के बाद जिला अध्यक्षों के चुनाव होंगे। इसके बाद प्रदेशाध्यक्ष तय होगा। संभावना यही है कि भाजपा का राष्ट्रीय संगठन किरण देव को ही अध्यक्ष बनाए रखेगा, क्योंकि उनको अध्यक्ष बने ज्यादा समय नहीं हुआ है। जिलाध्यक्षों में कुछ बदलाव जरूर होंगे। इसी के साथ प्रदेश स्तर पर जरूर कार्यकारिणी में कुछ बदलाव होंगे। छत्तीसगढ़ के साथ सभी राज्यों में चुनाव की पूरी प्रक्रिया होने के बाद ही राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होगा।

# अब नगरीय निकाय चुनाव की बारी, प्रदेश के सभी वार्डों का नए सिरे होगा परिसीमन

**राज्य के सभी कलेक्टरों को जारी हुआ आदेश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोकसभा चुनाव पूरे होने के बाद अब छत्तीसगढ़ में नगरीय निकायों के चुनाव की बारी है। ये चुनाव नवंबर-दिसंबर में होने हैं, लेकिन इससे पहले राज्य के सभी नगरीय निकायों के अंतर्गत आने वाले वार्डों का नए सिरे से परिसीमन कराया जाएगा। इस संबंध में राज्य निर्वाचन आयोग ने राज्य सरकार को निर्देश दिए हैं, वार्डों के परिसीमन के बाद नई मतदाता सूची तैयार की जाएगी। जानकारों के मुताबकि नए परिसीमन से प्रदेश के बड़े नगर निगमों में वार्डों की संख्या बढ़ सकती है।

राज्य सरकार के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने इस संबंध में प्रदेश के सभी कलेक्टरों को निर्देश जारी किया है। सरकार ने कहा है कि नगरीय निकायों का आम निर्वाचन नवंबर दिसंबर में होना है। नगर पालिका अधिनियम के मुताबित वार्डों की रचना इस प्रकार से की जाएगी कि हर वार्ड की जनसंख्या पूरे निकाय क्षेत्र में एक जैसी होगी तथा वार्ड में पूरा क्षेत्र संहत क्षेत्र हों यानि समेटा हुआ होना चाहिए।

### इस तरह होगा परिसीमन

राज्य के सभी नगरीय निकायों का परिसीमन करने के लिए जारी निर्देश में कहा गया है कि परिसीमन किस प्रकार किया जाएगा। इसमें प्रस्तावित वार्ड के चारों दिशाओं की सीमा, मानचित्र शामिल होगा। इसमें प्रत्येक वार्ड की चारों दिशाओं को इस प्रकार दिखाया जाएगा कि वार्ड की सीमा स्पष्ट रूप से अलग-अलग दिखाई दे। जनसंख्या संबंधी पत्रक जिसमें पिछली जनगणना के प्रकाशित आंकड़ो के अनुसार नगर पालिका क्षेत्र की कुल जनसंख्या, अनुसूचित जाति, जनजाति, की कुल जनसंख्या, राज्य सरकार द्वारा संबंधित नगर पालिका क्षेत्र के लिए अवधारित वार्डों की कुल संख्या तथा इसके आधार पर हर वार्ड की औसत जनसंख्या शामिल होगी।

### ऐसे होगा वार्डों का विभाजन

वार्डों के विभाजन के संबंध में निर्देश हैं कि हर वार्ड की औसत जनसंख्या, हर वार्ड के सम्मिलित क्षेत्र के हिसाब से अंतिम अधिसूचना प्रकाशित की जाएगी। इसमें उत्तर में, पूर्व में, दक्षिण में, पश्चिम में वार्ड की सीमा दर्शाई जाएगी। वार्डों का क्रमांक तथा नाम, जनसंख्या संबंधी पत्रक, पिछली जनसंख्या में प्रकाशित आंकड़ो के अनुसार निकाय क्षेत्र की जनसंख्या संबंधी पत्रक तैयार किया जाएगा। इसमें कुल जनसंख्या अनुसूचित जाति तथा जनजाति की कुल संख्या बताई जाएगी। प्रत्येक प्रस्तावित वार्ड की जनसंख्या तथा उसमें एससी-एसटी की जनसंख्या के आंकड़े लिखे जाएंगे। इस प्रक्रिया के दौरान वार्डों की सीमा निर्धारण संबंधी प्रारंभिक प्रकाशन करना होगा। इसके बाद प्राप्त आपत्तियों- सुझावों का निराकरण होगा। वार्ड विभाजन संबंधी अंतिम अधिसूचना का प्रारूप तैयार कर उसका प्रकाशन किया जाएगा।

**खबर संक्षेप**

## केंद्र ने भेजे 4,761 करोड़ रुपए, किरण देव बोले- मोदी का छत्तीसगढ़ से अटूट नाता

रायपुर। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने केंद्रीय वित्त मंत्रालय द्वारा छत्तीसगढ़ को वर्ष 2024-2025 से संबधित 4761.30 करोड़ रुपए की



संपूर्ण राशि हस्तांतरित करने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के प्रति पूरे छत्तीसगढ़ की ओर से आभार व्यक्त किया है। श्री देव ने कहा, केंद्र से प्राप्त यह राशि छत्तीसगढ़ के विकास और जनकल्याण के भाजपा के संकल्प की पूर्ति के प्रयासों को गति प्रदान करेगी। श्री देव ने कहा, प्रधानमंत्री श्री मोदी सदैव छत्तीसगढ़ के प्रति अपने आत्मीय जुड़ाव का परिचय देते रहे हैं। इससे पहले श्री मोदी ने पिछले 10 वर्षों में लगभग 4 लाख करोड़ रुपए की राशि छत्तीसगढ़ को केंद्र की ओर से प्रदान की है। श्री देव ने कहा, प्रदेश की भाजपा सरकार तेजी के साथ अपने संकल्पों और मोदी की गारंटी पर काम करके अभूतपूर्व जन विश्वास अर्जित किया है। जनता का अब केवल भाजपा और प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व पर अटूट विश्वास का रिश्ता जो कायम हुआ है, वह छत्तीसगढ़ को नित नई ऊंचाइयों पर लेकर जाएगा।

### आयोजन: राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर शासकीय महाविद्यालय में हुई कार्यशाला

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का क्रियान्वयन उच्च शिक्षा विभाग का ऐतिहासिक कदम:अनुसुइया






हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वारा 12 जून 2024 को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन के लिए वल्लभाचार्य महाविद्यालय एवं स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय महासमुंद के अध्यापकों एवं कर्मचारी के संवेदीकरण के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. अनुसुइया अग्रवाल के निर्देशन में डॉ ईपी चेलक, डॉ रीता पांडेय, डॉ मालती तिवारी, अजय कुमार राजा, अजय देवांगन, एनईपी क्रियान्वयन समिति एवं आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

प्राचार्य डॉ. अनुसुइया अग्रवाल ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का क्रियान्वयन उच्च शिक्षा विभाग का एक महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक कदम है, जो शैक्षणिक सत्र 2024-25 में महाविद्यालय में स्नातक प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए लागू होगा। महाविद्यालय के सभी सदस्यों के सामूहिक प्रयास से 4 वर्षीय स्नातक सेमेस्टर पाठ्यक्रम एवं सेमेस्टर, प्रणाली चॉइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम का क्रियान्वयन सफलतापूर्वक हो पाएगा। विद्यार्थियों के प्रथम वर्ष में प्रवेश उपरांत राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 से अवगत कराने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति का उद्देश्य भारतीय शिक्षा प्रणाली को आधिकाधिक समकालीन समावेशी और कौशल उन्मुख बनाने तथा रोजगार के अवसर सृजित करते हुए प्रत्येक विद्या में सक्षम ऊर्जावान युवाओं द्वारा समाज निर्माण और राष्ट्र के विकास में योगदान करना है।

डॉ रीता पांडेय ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत बहु प्रवेश/ निकास विकल्प के साथ तीन या चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम के माध्यम से छात्रों को अध्ययन के लिए लचीलापन एवं विषयों का विकल्प दिया जाना है, जहां छात्र विभिन्न विषयों के एक समूह का चयन करने में सक्षम होंगे। जी समूह में विज्ञान वाणिज्य कला और मानविकी आदि विषय हो सकते हैं। 4 वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम में प्रत्येक सेमेस्टर 20 क्रेडिट का होगा एवं 1 वर्ष में सर्टिफिकेट 2 वर्ष में डिप्लोमा 3 वर्ष में डिग्री एवं 4 वर्ष में ऑनर्स कोर्स की उपाधि विद्यार्थियों को प्राप्त होगी।

डॉ. ईपी चेलक ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पीपीटी के माध्यम से प्रशिक्षण दिया। डीएससी, डीएसई, जेनेरिक इलेक्टिव, एबिलिटी एनहैंसमेंट कोर्स, वैल्यू एडिशन कोर्स के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। डॉ मालती तिवारी ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संरचनात्मक एवं गुणात्मक स्वरूप से परिचित होने के लिए इस कार्यशाला का आयोजन किया गया है। छात्रों को दिशा निर्देश देने के लिए सूचना पटल पर एवं वेबसाइट पर कार्यशाला के माध्यम से भी जानकारी प्रदान की जा रही है। आईक्यूएसी प्रभारी मनीराम धीवर ने भी राष्ट्रीय शिक्षा नीति के महत्व पर प्रकाश डाला।

प्रशिक्षण पश्चात प्राध्यापक एवं कर्मचारियों द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संबंध में पूछे गए प्रश्नों का जवाब दिया गया। कार्यक्रम में करुणा दुबे, डॉनीलम अग्रवाल, डॉ आरके अग्रवाल, सी खलको, प्रदीप कन्हेर, सीमा रानी प्रधान, तरुण ध्रुव, रवि देवांगन, आशुतोष पुरी गोस्वामी, राजेश्वरी सोनी, सरस्वती, प्रियंका सोनवानी, मुकेश साहू, मनोज शर्मा, शशि सोनी, कुंदन देवांगन, चितेश्वरी अलुमनी सदस्य एवं समस्त महाविद्यालय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अजय कुमार राजा एवं आभार प्रदर्शन डॉ अजय कुमार देवांगन ने किया।

## लो-वोल्टेज से निजात दिलाने मचेवा के ग्रामीणों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

- विधायक सिन्हा ने तत्काल विद्युत विभाग के वरिष्ठ अधिकारी को फोन कर शीघ्र समाधान करने के दिए निर्देश

ग्राम मचेवा के ग्रामीण इन दिनों बिजली कटौती व लो-वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे हैं। हल्के आंधी तूफान में ही कई घंटों तक बिजली बंद कर दी जाती है। मचेवा बस्तीपारा के ग्रामीणों ने विधायक कार्यालय जाकर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा को ज्ञापन सौंपकर लो वोल्टेज व बिजली कटौती की समस्या से निजात दिलाने की मांग की।

विधायक को सौंपे ज्ञापन में ग्रामीणों ने कहा है कि दिन-रात लो वोल्टेज की समस्या रहती है। मचेवा बस्तीपारा स्थित ट्रांसफार्मर से तीन कनेक्शन निकला है। जिसमें से बस्तीपारा के लिए दिए गए कनेक्शन में लोड अधिक है। जिससे वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। कूलर पंखे, टीवी, फ्रिज ने काम करना बंद कर दिया है। रात में उमस भरी गर्मी से ग्रामीण परेशान रहते हैं। ज्यादातर रात में लोड बढ़ने से बस्तीपारा क्षेत्र के दिए कनेक्शन का सर्किट उड़ जाने से लोग रात-रात भर परेशान होते हैं। छोटे बच्चे, बुजुर्गों को अधिक समस्या का सामना करना पड़ रहा है। शीघ्र ही उच्च क्षमता की ट्रांसफार्मर लगाने तथा इस गंभीर समस्या से निजात दिलाने की मांग ग्रामीणों ने विधायक से की है। ग्रामीणों की समस्या सुनकर विधायक सिन्हा ने तत्काल विद्युत विभाग के वरिष्ठ अधिकारी को फोन कर शीघ्र समाधान करने निर्देशित किया।

ज्ञापन सौंपने के दौरान महेश सिन्हा, छन्नू साहू, द्वारिका सिन्हा, डोमन सेन, रवि, सुरेश, तोगेश, जितेंद्र, टीकम ध्रुव, योगेश, मधुशंकर, कुणाल, हेमशंकर, सौरभ सिन्हा, गजानंद, पुरुषोत्तम, बाबुलाल, नोहर, जोधन परमानंद, भूपेंद्र, संतोष आदि उपस्थित थे।

## बेलसोंडा सरपंच के पर्यावरण संरक्षण से प्रेरित होकर रामाश्रय ने दी 5100 का सहयोग राशि



हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम पंचायत बेलसोंडा सरपंच भामिनी पोखन चंद्राकर के प्रकृति प्रेम एवं जैव विविधता संरक्षण एवं संवर्धन जैसे कार्यों से प्रभावित होकर पूर्व सांसद प्रतिनिधि रामाश्रय यादव (पहलवान) ने सरपंच भामिनी को आगामी बारिश के सीजन में पौधरोपण के लिए 5100 रुपए की सहयोग राशि प्रदान की है। सरपंच द्वारा इसका श्रेय विवेकानंद सेवा संस्थान को देते हुए उक्त राशि संस्थान के अध्यक्ष शत्रुघ्न लाल साहू तथा कोषाध्यक्ष/सचिव उदेराम साहू को सौंप दी। सरपंच भामिनी ने इस पुनीत कार्य के लिए रामाश्रय यादव का आभार व्यक्त करते हुए लोगों से पौधरोपण के लिए विवेकानंद सेवा संस्थान को अधिक से अधिक सहयोग करने की अपील भी की।

## नवनिर्वाचित सांसद का टीचर्स एसोसिएशन ने किया स्वागत



**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष नारायण चौधरी, प्रांतीय प्रचार मंत्री केशवराम साहू, प्रांतीय महिला प्रकोष्ठ अर्चना तिवारी, महासमुंद ब्लॉक अध्यक्ष राजेश साहू, बागबाहरा ब्लॉक अध्यक्ष विनोद यादव, जिला संयोजक लालजी साहू, जिला सचिव नंदकुमार साहू, उपाध्यक्ष खिलावन वर्मा, जिला महिला प्रकोष्ठ पुष्पलता भार्गव, मीडिया प्रभारी प्रदीप वर्मा की अगुवाई तथा तुलेंद्र सागर, विकास साहू, लक्ष्मण दास मानिकपुरी, मनीष अवसरिया, देवेंद्र चंद्राकर, घनश्याम चक्रधारी, महेश ध्रुव, नरेश पटेल, अंकित चंद्राकर की उपस्थिति में प्रतिनिधिमंडल ने नदी चौक में महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद रूपकुमारी चौधरी से सौजन्य भेंटकर पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। जिलाध्यक्ष चौधरी ने महासमुंद लोकसभा क्षेत्र से प्रथम महिला सांसद बनने पर हर्ष व्यक्त करते हुए जिला के शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए ध्यान आकृष्ट कराया। नवनिर्वाचित सांसद रूपकुमारी चौधरी ने शिक्षक समुदाय की समस्याओं के समाधान के लिए उचित एवं ठोस कार्रवाई की बात कही। उक्ताशय की जानकारी जिला सचिव नंदकुमार साहू एवं जिला मीडिया प्रभारी प्रदीप वर्मा ने दी।

# एक माह के भीतर औसत 15 प्रतिशत बढ़े आवश्यक वस्तुओं के दाम : विनोद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

- मोदी निर्मित कमरतोड़ महंगाई से जनता परेशान
- आलू, प्याज, दाल, टमाटर के दाम बढ़ने से बिगड़ा रसोई का बजट

पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने आवश्यक वस्तुओं के आसमान छूती कीमतों के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जिम्मेदार ठहराते हुए उन्हें महंगाई मैन की संज्ञा देते हुए कहा कि लोग कमरतोड़ महंगाई से त्रस्त हैं और सरकार लोगों को राहत देने के लिए कोई कदम नहीं उठा रही है। पिछले 10 साल के मोदी कार्यकाल में दाल, चावल, हरी सब्जियों, पेट्रोल-डीजल, गृह निर्माण साग्रियों के दामों में बेतहाशा वृद्धि से आम आदमी का बजट बिगड़ गया है। उन्होंने कहा कि महंगाई मैन मोदी के तीसरे कार्यकाल में महंगाई और बढ़ने का प्रबल संभावना है।



चंद्राकर ने कहा कि जनता महंगाई से त्रस्त हो चुकी है, लेकिन सरकार महंगाई से लोगों को राहत देने के लिए कुछ नहीं कर रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने चुनाव के दौरान अपनी एक भी सभा में महंगाई का जिक्र नहीं किया। जनता का ध्यान भटकाने के लिए केवल हिंदू-मुस्लिम खेलते रहे। आज परिणाम ये है कि मोदी के तीसरे कार्यकाल की शपथ ग्रहण करते ही आवश्यक वस्तुओं की कीमतें बढ़ रही है। चंद्राकर ने कहा कि खाने पीने के सामान का वजन घटाकर उनकी कीमत बढ़ा दी गई है। उन्होंने कहा, सरकार चाहे तो उत्पाद शुल्क कम कर जनता को बड़ी राहत दे सकती है। डीजल का दाम घटेगा तो यातायात की लागत घटेगी और सब्जियां तथा जरूरी चीजें सस्ती होंगी। खाने- पीने के सामानों की कीमत ज्यादा और वजन कम करके देश की जनता की जेब पर डाका डाला जा रहा है। चंद्राकर ने कहा कि आज अति आवश्यक वस्तु दूध में प्रति लीटर 3 रुपए वृद्धि के 70 रु, आलू में 43% वृद्धि के साथ 35 रू. किलो, प्याज में 46% वृद्धि के साथ 40 रू. किलो, टमाटर 36% वृद्धि के साथ 40 रु. किलो, दाल 28% वृद्धि के साथ 180 रु किलो बिक रहा है। गरीब व मध्यम वर्ग परिवार सीमित आय के साथ परिवार चलाते हैं। जिस तरह से महंगाई दर में वृद्धि हो रही है, उस हिसाब से मजदूरों की मजदूरी व मध्यम वर्ग के इनकम में बढ़ोत्तरी नहीं होती। जिससे घर का पूरा बजट बिगड़ रहा है। पहले पांच रुपए में 80 ग्राम बिस्कुट मिलता था जो अब 50 ग्राम कर दिया गया है। इसी तरह से पहले चायपत्ती 50 रुपए में 200 ग्राम मिलती थी, जो अब 57 रुपए हो गई है। नमकीन अब 10 रुपए में 32 ग्राम मिल रहा, जो पहले 65 ग्राम मिलता था।

# शहर में दौड़ेंगी 100 इलेक्ट्रिक सिटी बसें पंडरी और आमानाका डिपो से होगा संचालन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

राजधानी की जनता को आवागमन के लिए जल्द ही 100 इलेक्ट्रिक सिटी बसों की सौगात मिलेगी। इसके लिए प्रशासनिक तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं। इन बसों की चार्जिंग और मेंटनेंस के लिए सभी जरूरी इंतजाम किए जा रहे हैं। इलेक्ट्रिक बसों का संचालन शहर के दो जगह पंडरी और आमानाका सिटी ई-बस डिपो से होगा है। इसके लिए बस डिपो में तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

**प्रधानमंत्री ई-बस योजना के तहत मिलेगी बसें-** शहर में चलने वाली 100 इलेक्ट्रिक बसों की सुविधा प्रधानमंत्री ई-बस सेवा के तहत रायपुर सिटी को मिलेगी। इन बसों के चलने से शहर के अंदर ट्रांसपोर्ट की सुविधा और भी आसान हो जाएगी। पंडरी और आमानाका डिपो से चलने वाली बसें शहर के अलग-अलग स्थानों के लिए रवाना होंगी, जिससे आम यात्रियों को शहर के उन



सभी प्रमुख मार्गों पर बस की सुविधा मिलेगी, जिस मार्ग से अन्य यात्री गाड़ियां भी गुजरती हैं।

**एक एकड़ में आईएसबीटी का निर्माण** -इन बसों की पार्किंग के लिए आईएसबीटी तैयार किया जा रहा है। इसका निर्माण एक एकड़ जमीन में होगा। जमीन फाइनल कर ली गई है। इस आईएसबीटी से दूसरे राज्यों से आने वाले लोगों को भी शहर के भीतर किसी भी स्थान पर जाने के लिए आसानी से सिटी बसें मिल पाएंगी।

# सुंदरनगर में पानी की समस्या, अफसरों को हटाने के बाद पार्षद का धरना समाप्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

पिछले तीन माह से सुंदरनगर के ढाई सौ से अधिक घरों में पानी की समस्या और एरिया टीम द्वारा इसका समाधान नहीं किए जाने से नाराज पार्षद मृत्युजंय दुबे ने धरना दे दिया। सुबह से धरने पर बैठे पार्षद को मनाने निगम आयुक्त को वहां आना पड़ा। पार्षद दुबे की नाराजगी के बाद सुंदर इलाके के निगम अफसरों की टीम को बदल दिया गया है। आरोप है कि अमृत मिशन योजना के तहत जब से पाइप लाइन बिछाई गई है, तब से पानी दिक्कत लगातार बढ़ गई है। किसी के घर एक बाल्टी पानी आ




रहा है, तो किसी के घर दो बाल्टी..। इस मामले में स्थानीय अधिकारियों को कई बार सूचित किया गया, मगर उनकी ओर से किसी तरह का समाधान नहीं किया जा सका। हर बार केवल आश्वासन मिलने से नाराज वार्ड पार्षद मृत्युजंय दुबे मंगलवार की सुबह से धरने पर बैठ गए। उनकी मांग थी कि जब तक समस्या का समाधान नहीं किया जाएगा, वे धरने पर बैठे रहेंगे। अधिकारी उन्हें मनाने का प्रयास करते रहे मगर वे नहीं माने। रात लगभग निगम आयुक्त अभिनेष मिश्रा खुद वहां पहुंचे और पार्षद को मनाने का प्रयास किया।

## लोक सेवा आयोग के मुख्य एवं शिक्षक पात्रता परीक्षा के लिए टेस्ट सीरीज जारी



हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के प्रशासनिक सेवा मुख्य परीक्षा 2024 एवं छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा 2024 को ध्यान में रखकर जिला प्रशासन महासमुंद द्वारा प्रभात मलिक कलेक्टर महासमुंद के मार्गदर्शन में संचालित नवकिरण अकादमी में छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के मुख्य परीक्षा हेतु 7 टेस्ट सीरीज के क्रम में तीसरा टेस्ट का आयोजन किया गया, एवं शिक्षक पात्रता परीक्षा के लिए 10 टेस्ट सीरीज के क्रम में बुधवार को छठवां टेस्ट का आयोजन किया गया।

जारी विज्ञप्ति में डी. बसंत साव जिला समन्वयक नवकिरण अकादमी ने बताया कि छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के मुख्य परीक्षा के लिए 7 टेस्ट सीरीज के क्रम में बुधवार को तीसरा टेस्ट पेपर -3 सामान्य अध्ययन का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 200 नंबर का पेपर हुआ। इसमें इतिहास, संविधान, लोक प्रशासन आदि के प्रश्न पूछे गए थे। 07 टेस्ट के क्रम में चौथा टेस्ट का आयोजन 13 जून 2024 को पेपर - 4 का टेस्ट आयोजित होगा। शिक्षक पात्रता परीक्षा हेतु 10 टेस्ट सीरीज के क्रम में बुधवार को शिक्षक के लिए टीईटी का पहला टेस्ट पेपर संपूर्ण सिलेबस पर आधारित मेगा टेस्ट -6 हुआ। जिसमें कुल 150 नंबर का पेपर हुआ। इसमें बाल विकास, हिंदी, अंग्रेजी, गणित, पर्यावरण आदि के प्रश्न पूछे गए थे। टेस्ट सीरीज को लेकर विद्यार्थियों में उत्साह देखा जा रहा है। शिक्षक के लिए टीईटी का पहला टेस्ट पेपर में नवकिरण कोचिंग और ग्रंथालय में अध्ययनरत 118 परीक्षार्थियों और अन्य शिक्षक पात्रता परीक्षा की तैयारी करने वाले 73 परीक्षार्थियों कुल 191 परीक्षार्थियों ने शामिल होकर टेस्ट दिलाया। 10 टेस्ट के क्रम में शिक्षक के लिए टीईटी का दूसरा टेस्ट पेपर का आयोजन 14 जून 2024 को संपूर्ण सिलेबस पर आधारित मेगा टेस्ट-7 टेस्ट आयोजित होगा। डी. बसंत साव ने आगे बताया कि आगे आयोजित होने वाले टेस्ट में तैयारी करने वाले और छत्तीसगढ़ मुख्य परीक्षा में शामिल होने वाले एवं शिक्षक पात्रता परीक्षा में शामिल होने वाले इच्छुक परीक्षार्थी जानकारी प्राप्त करने और पंजीयन कराने कार्यालय नवकिरण में आकर संपर्क कर सकते हैं।

# जो तन, मन व धन से सेवा-भक्ति करे, वहीं धनवान व्यक्ति : शैलेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

ग्राम झलप के श्यामनगर में साहू परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा के पंचम दिवस कथावाचक पं शैलेंद्र मिश्रा लखनपुर वाले ने कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया गया। उन्होंने कहा कि धनवान व्यक्ति वही है जो अपने तन, मन व धन से सेवा भक्ति करे वहीं आज के समय में धनवान व्यक्ति है। परमात्मा की प्राप्ति सच्चे प्रेम द्वारा ही संभव हो सकती है।

पूतना चरित्र का वर्णन करते हुए महाराज ने बताया कि पूतना राक्षसी ने बालकृष्ण को उठा लिया और स्तनपान कराने लगी। कृष्ण ने स्तनपान करते-करते ही पूतना का वध कर उसका कल्याण किया। माता यशोदा जब भगवान कृष्ण को पूतना के वक्षस्थल से उठाकर लाती है, उसके बाद पंचगव्य गाय के गोबर, गोमूत्र से





भगवान को स्नान कराती है। सभी को गौ माता की सेवा, गायत्री का जाप और गीता का पाठ अवश्य करना चाहिए। गाय की सेवा से 33 करोड़ देवी देवताओं की सेवा हो जाती है। भगवान व्रजरज का सेवन कर यह दिखला रहे हैं कि जिन भक्तों ने मुझे अपनी सारी भावनाएं व कर्म समर्पित कर रखें हैं वे मेरे कितने प्रिय हैं। भगवान स्वयं अपने भक्तों की चरणरज मुख के द्वारा हृदय में धारण करते हैं। पृथ्वी ने गाय का रूप धारण कर श्रीकृष्ण को पुकारा, तब कृष्ण पृथ्वी पर आए हैं। इसलिए वह मिट्टी में नहाते, खेलते और खाते हैं, ताकि, पृथ्वी का उद्धार कर सकें। गोपबालकों ने जाकर यशोदा माता से शिकायत कर दी कि मां तेरे लाला ने माटी खाई है। यशोदा माता हाथ में छड़ी लेकर दौड़ी आयीं। अच्छा खोल मुख। माता के ऐसा कहने पर श्रीकृष्ण ने अपना मुख खोल दिया। कृष्ण के मुख खोलते ही यशोदा ने देखा कि मुख में चर-अचर संपूर्ण जगत विद्यमान है। कथा में दूर-दूर से श्रोतागण कथा रसपान करने पहुच रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### मोदी के पीएम बनने पर उत्साह का माहौल



**महासमुंद।** संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और उसके घटक दल के गठबंधन के नेता द्वारा नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाया है। प्रधानमंत्री के साथ मंत्रिमंडल ने भी शपथ ग्रहण किया। जिसको लेकर भाजपा में उत्साह का माहौल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार का शपथ ग्रहण समारोह राष्ट्रपति भवन में हुआ। तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेते ही नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर देश की जनता का दिल जीत लिया।



### किसड़ीवासियों को स्वच्छता के लिए किया प्रेरित

**सरायपाली।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किसड़ी में सरस्वती शिशु मंदिर के दस दिवसीय आचार्य प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया जा रहा है। प्रशिक्षण के नौवें दिवस मुख्य अतिथि के रूप में कामता प्रसाद साहू प्राचार्य सशिमं उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित सरिता साहू प्रदेश सह सचिव सरस्वती शिक्षा संस्थान छग रायपुर द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति और ग्राम भारती के छह आयाम के विषय पर आचार्य एवं दीदीयों को जानकारी दी गई। वहीं ग्रामवासियों द्वारा आचार्य एवं दीदीयों को पारिवारिक भोज दिया गया। साथ ही ग्रामीणों को स्वच्छता के लिए प्रेरित करते हुए ग्राम पंचायत किसड़ी के कांटा और पुरनी तालाब के पचरीघाट, शिव मंदिर और गांव के चौक-चौराहों की सफाई की गई। उक्त जानकारी पदमलोचन जाल पूर्व संकुल समन्वयक सरस्वती शिशु मंदिर ने दी।

**बैठक:** पूर्व तट रेलवे श्रमिक कांग्रेस की महासमुंद में हुई बैठक

# रेल कर्मचारियों की मेडिकल सुविधा बढ़ाने समेत कई मांगों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पूर्व तट रेलवे श्रमिक कांग्रेस संबलपुर मंडल द्वारा प्रथम ब्रांच काउंसिल मीटिंग कांटाबंजी ब्रांच के महासमुंद शाखा में 12 जून को आयोजित हुई। जिसमें संबलपुर मंडल के मंडल समन्वयक (प्रभारी) रफी अहमद, विजय कुमार मिश्रा केंद्रीय पदाधिकारी, सुशील पाल संबलपुर ब्रांच अध्यक्ष, नागेश्वर राव कांटाबांजी ब्रांच प्रेसिडेंट, ब्रांच सेक्रेटरी एन सुधाकर, ट्रेजर संतोष बुदेक, राजेंद्र शुक्ला ब्रांच उपाध्यक्ष, संतोष कुमार ब्रांच उपाध्यक्ष, सुजीत जंघेल संगठन सचिव, दिनेश महतो, सहायक सचिव तथा अन्य ब्रांच काउंसिलर सदस्य पी मिरी,



बसंत कुमार, पद्मन मांझी, बस्टम बाग, बुंदेल कुमार, शंकर कुमार एवं सैंकड़ों की संख्या में रेल कर्मचारी उपस्थित हुए।

इस मीटिंग में रेल कर्मचारियों से संबंधित मांगों को रखा गया। जिसमें प्रमुखता से रेल कर्मचारियों की मेडिकल सुविधा बढ़ाने अर्थात प्राइवेट हॉस्पिटल को रेलवे द्वारा कर्मचारियों के बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने के लिए आदित्य हॉस्पिटल महासमुद को संबध्द करना, वेतन विसंगति को दूर करना, पदोन्नति को शीघ्रता से लागू करना, एमएसीपी को जल्द लागू करना, पेंडिंग ओटीटीए, चाइल्ड एजुकेशन, लिव इनकेसमेंट, यूनिफॉर्म एलाउंस को बढ़ाना, हार्ड रिस्क एलाउंस में वृद्धि इत्यादि मांगों को पुरजोर तरीके से उठाया गया। इस मीटिंग में यह निर्णय लिया गया कि संबलपुर मंडल के मंडल प्रबंधक के समक्ष उपरोक्त मांगों को पुरजोर तरीके से उठाया जाएगा। अगर प्रशासन पूर्व तट रेलवे श्रमिक कांग्रेस की मांगों को नहीं माना तो संगठन को मजबूरन रेल का चक्काजाम करेंगे। इस बार रेल कर्मी पीछे हटने के मूड में नहीं है। इस बार रेल कर्मचारियों ने आर पार की लड़ाई लड़ने का मन बना लिया है। पूर्व तट रेलवे श्रमिक कांग्रेस ने पूर्व में अर्जित की गई अपनी उपलब्धियों को रेल के समक्ष रखा और आगे की लड़ाई लड़ने के लिए तैयार रहने के लिए कहा।

# कारागुला में भीमसेनी एकादशी मेला 17 को, तैयारी में जुटे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

बागबाहरा विखं के अंतिम छोर ओडिशा सीमा से लगा हुआ ग्राम पंचायत पंडरीपानी के आश्रित आदिवासी बाहुल ग्राम कारागुला में ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष एकादशी 17 जून सोमवार को भीमसेनी मेला का आयोजन रखा गया है। ग्राम विकास समिति के संयोजक एवं संचालक खोलबाहरा निषाद, अध्यक्ष मोतीराम यादव, उपाध्यक्ष पीतांबर दीवान, सचिव श्रवण ठाकुर, कोषाध्यक्ष भोलाराम निषाद एवं सहसचिव संतराम ठाकुर, सरपंच लता कुम्हार एवं उपसरपंच रामचरण यादव आदि ने बताया कि गांव में 1978 से प्रारंभ भीमसेनी एकादशी मेला जो पूरे छत्तीसगढ़ की सबसे प्राचीनतम मेला है। पूरे धार्मिक एवं भक्तिपूर्ण माहौल में हुआ। यहां पर महा भारतकाल के पांचो पांडव भ्राता महाबली भीमसेन, भगवान कृष्ण सहित माता कुंती, द्रोपति, धर्मराज युधिष्ठिर, अर्जुन, नकुल व सहदेव आदि की प्रतिमाएं विराजित है। इस मेले का आयोजन तीसरी पीढ़ी के हाथों में है।

आयोजक समिति के सदस्यों ने चर्चा में बताया कि मेला प्रारंभ होने के पीछे एक रोचक प्रसंग के साथ साथ आस्था भी जुड़ा हुआ है। बरसात के समय में अन्नदाता किसान अपने खेतों पर धान की बुआई कर लिया था। रोपा बियासी के लिए बारिश का इंतजार करते रहे। फसल तेज धूप से मुरझा कर नष्ट होने के कगार पर पहुंच गया था। बारिश के अभाव से तालाब, नदी, नाले, कुंआ, बावली भी सूखने की ओर चला गया था। भीषण अकाल से चारों ओर हाहाकार मचा हुआ था। तब इस ग्राम के कुछ बुजुर्गो ने सभी एक जगह एकात्रित होकर गांव में बैठक रखकर यह निर्णय लिया गया कि महुआ पेड़ की लकड़ी से महाबली भीमसेन की मूर्ति का निर्माण किया था। क्वांर मास के पितृ पक्ष की नवमी तिथि यानी इसे मातृनवमी के नाम से जाना जाता है। इस दिन सभी ग्राम के लोगों ने महुआ लकड़ी से बने भीमसेन की मूर्ति का स्थापना कर विधिवत पूजा अर्चना की गई। गौमाता मवेशी की गोबर का घोल बनाकर इस मूर्ति पर लेप किया गया। पश्चात सभी ग्राम के लोगों ने एक पैर में खड़े होकर हाथ जोड़कर महाभारत काल के योद्धा गदाधारी भीमसेन से बारिश कराने प्रार्थना की गई। बाद इसे संयोग कहे या चमत्कार कुछ ही क्षणों में बादल छाने लगे और तेज अंधड़ व भीषण गर्जना के साथ मूलाधार बारिश होने लगी। इस बारिश से खेत खार, नदी नाले, तालाब लबालब भर गए। खेतों में हरियाली छा गई, तब से ग्राम कारागुला में आस्था भीमसेन पर प्रबल हो गई। आज भी यहां ऐसी मान्यता है कि भीमसेनी एकादशी पर अवश्य बारिश होती है। इस ग्राम के चारों ओर महुआ पेड़ लगे हुए है। इस दिन दूरदराज से श्रद्धालु भीमसेन की दर्शन व पूजा अर्चन के लिए भीड़ उमड़ पड़ते है।

# राष्ट्रीय पंजा कुश्ती प्रतियोगिता में फॉर्च्यून नेत्रहीन विद्यालय का रहा शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

6 जून से 10 जून 2024 तक नागपुर

- प्रीति यादव को 2 रजत, बिंदा यादव को 2 रजत जीता, विकास 5 वें स्थान पर रहे

महाराष्ट्र में पंजा कुश्ती प्रतियोगिता आयोजित था। जिसमें छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए दृष्टिहीन प्रीति यादव ने 60 किलो में दो रजत पदक प्राप्त किया। साथ ही बिंदा यादव ने 60 किलो में दो रजत पदक प्राप्त किया। वहीं विकास यादव 5वें स्थान पर रहे। कोच तोरण यादव रहे। इस प्रतियोगिता में 21 राज्यों ने हिस्सा लिया था। पीपुल्स आर्म रेसलिंग इंडिया फेडरेशन टीम के कप्तान सन्नी बंसोड़ (अंतरराष्ट्रीय रैफरी)




जो कि इस प्रतियोगिता में मुख्य निर्णायक रहे। महिला टीम कप्तान रूपाली फूले और टीम मैनेजर राम किशोर साहू, ऋषभ जैन है जो कि छग टीम के तकनीकी सलाहकार भी है। इस प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए छत्तीसगढ़ प्रदेश पंजा कुश्ती संघ के चेयरमैन बृज मोहन सिंह, अध्यक्ष जी सुरेश पिल्लई, कृष्णा साहू, महासचिव श्रीकांत, आनंद साहू एवं फार्चून नेत्रहीन विद्यालय करमापटपर बागबाहरा के संस्थापक निरंजन साहू, संस्थापक सदस्य डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही, समस्त शाला परिवार ने हर्ष जताया है। यह जानकारी फार्चून नेत्रहीन विद्यालय के खेल शिक्षक तोरण यादव अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ने दी।

# हरनादादर में पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे विधायक

## राज्य सरकार से की मुआवजे की मांग, मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

पूर्व संसदीय सचिव व वर्तमान खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव 12 जून को मृतक आदिवासी किसान के परिजनों से मुलाकात करने के लिए ग्राम हरनादादर पहुंचे। जहां उन्होंने पीड़ित परिवार से मुलाकात की। मृतक के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की। साथ ही विधायक यादव ने राज्य सरकार से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग की।



पत्रकारों से चर्चा के दौरान विधायक यादव ने बताया कि वर्तमान भाजपा सरकार किसान हितैषी होने का दावा करती है, उन्होनें राज्य सरकार से पीड़ित परिवार को 5 लाख रुपए के मुआवजे की मांग करते हुए मुख्यमंत्री को पत्र भी लिखा। पीड़ित परिवार से मुलाकात करने के लिए विधायक द्वारिकाधीश यादव के साथ-साथ पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष केशव चंद्राकर, ब्लॉक अध्यक्ष रवि निषाद, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता गणेश शर्मा, शमीम खान, हीरा दास टंडन, ताम्रध्वज बघेल, नवल गायकवाड़, लोकेश दीवान, राजू चंद्राकर, ममता राम यादव, शब्बीर बड़ा खान, दुर्गेश यादव, राहुल यादव, कृष्ण भारद्वाज, घणाराम देवांगन, संतराम ठाकुर, बैसाखू खड़िया, आनंद राम यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं मृतक कृषक के परिजन उपस्थित रहे।

